<u>हिन्दी प्रश्न–पत्र</u>

छात्र / छात्रा का नाम .... समय – 01 घण्टा

प्रश्न – 1 नीचे दिए गए वर्णों से शुरू होने वाले शब्द लिखिए :–

क – ....

मो – ....

ति – ....

टी – ....

शा – ....

प्रश्न – 2 चित्र देखकर उनके सामने नाम लिखिए :–

– ....

– ....



– ....



– ....



– ....

प्रश्न – 3 नीचे लिखे शब्दो को पढ़कर उन्हे सही खानों मे लिखिए –

गेंद, आटा, गिल्ली डंडा, चॉक, बल्ला, दाल, डस्टर, पेन, चावल

खेल का सामान	**खाने का सामान**	**शाला का सामान**

प्रश्न – 4 'पेड़' अथवा 'घर' से संबंधित कोई दो बाते लिखिए –

....

....

....

प्रश्न – 5 सफाई से होने वाले कोई दो लाभ लिखिए –

....

....

....

प्रश्न – 6 नीचे लिखे वाक्यों को दिनचर्या के सही क्रम में लिखिए –

सुबह 10 बजे विद्यालय जाना – ....

रात 10 बजे सोना – ....

सुबह 6 बजे उठना – ....

दोपहर 1 बजे भोजन करना – ....

शाम 4 बजे खेलना – ....

प्रश्न – 7 लिखिए – अपना स्वंय का नाम – ....

पिता का नाम – ....

माता का नाम – ....

मित्र का नाम – ....

प्रश्न – 8 विलोम शब्दों की सही जोड़ी बनाकर लिखिये –

दिन	हानि	–	....	....
धरती	अंधकार	–	....	....
लाभ	रात	–	....	....
प्रकाश	आकाश	–	....	....

प्रश्न – 9 दो ऐसी बातें जो आपको अच्छी लगती हैं –

1. ....

2. ....

दो ऐसी बाते जो आपको अच्छी नहीं लगती हैं –

1. ....

2. ....

प्रश्न – 10 नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

गीता अपनी नानी के यहां भोपाल गई थी । यह शहर मध्यप्रदेश की राजधानी है । यहां बड़ा तालाब, वन–विहार, मयूर पार्क, बिड़ला मंदिर, और भारत भवन प्रसिद्ध स्थान हैं । बड़े तालाब के किनारे राजा–भोज की विशाल मूर्ति बहुत सुन्दर दिखाई देती है ।

1. मध्यप्रदेश की राजधानी का नाम लिखिए ।

   ....

2. सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए ।

   ....

3. भोपाल में कौन – कौन से प्रसिद्ध स्थान है ?

   ....

4. यदि आपको घूमने का अवसर मिलें तो आप किस स्थान पर जाना पसंद करेंगे ?

   ....

प्रश्न – 11 नीचे लिखे वाक्य को प्रश्नवाचक और निषेधात्मक वाक्य में बदलकर लिखिए –

मीरा चाय बनाती है ।

प्रश्नवाचक – ....

निषेधात्मक – ....

प्रश्न – 12 नीचे लिखी पंक्तियों में उचित विराम चिह्न लगाइए –

जनवरी का महीना था गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी चल रही थी शीला गीता और विनीत गीत गाने का अभ्यास कर रहे थे सुशील ने अपने मित्र से पूछा तुम क्या कर रहे हो

प्रश्न – 13 निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें ।
सूरज हमें रोशनी देता, हवा नया जीवन देती है ।
भूख मिटाने को हम सब की, धरती पर होती खेती है ।
औरों का भी हित हो जिसमें, हम ऐसा कुछ करना सीखें ।

1. नया जीवन हमें कौन देता है ?

   ....

2. सूरज हमें क्या–क्या देता है ?

   ....

3. 'सूरज' और 'हवा' शब्द के एक–एक पर्यायवाची लिखिए ।

   ....

4. आप दूसरो की भलाई के लिए क्या करना चाहेंगे ?

   ....

   ....

प्रश्न – 14 अपने प्रधानाध्यापक को दो दिन की छुट्टी के लिए आवेदन लिखिए –

प्रश्न – 15 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर कम से कम 100 शब्दों में निबंध लिखिए –

1. आपका प्रिय त्यौहार
2. आपका प्रिय खेल
3. आपका प्रिय मित्र

उत्तर – 15 ....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

....

सुनना और पढ़ने के लिए मौखिक परीक्षण

किसी ने कहा, ' वह वृक्ष की पतली टहनी है; उस पर लाल रंग की चिड़िया बैठी है, उसकी आंख दिखाई दे रही है ।' किसी ने कहा, ' मुझे मात्र चिड़िया दिखाई दे रही है और मैं निशाना लगा रहा हूँ ।' मतलब किसी ने कुछ उत्तर दिया किसी ने और कुछ ।

1. शिक्षक यह अनुच्छेद अथवा अन्य कोई अनुच्छेद पढ़कर (विराम चिन्हों को ध्यान में रखकर) सुनाकर छोटे–छोटे प्रश्न करते हुए सुनने की दक्षता का आंकलन करेंगे ।
2. सेम्पलिंग के आधार पर शब्दों या वाक्य को पढवा कर पढने का आकलन करेंगे ।
3. पढकर समझने के लिए अलग से प्रश्न किए जा सकते है ।

<u>गणित – प्रश्न पत्र</u>

छात्र / छात्रा का नाम .... समय – 01 घण्टा

कक्षा – ....

प्रश्न – 1 हल कीजिए –

84 – 57

उत्तर – 1

प्रश्न – 2 हल कीजिए –

48 ÷ 6

उत्तर – 2

प्रश्न – 3 रमेश की शर्ट में 2 मी. 28 से.मी. कपड़ा लगता है । राजेश की शर्ट में 2 मी. 10 सेमी. कपड़ा लगता है । तो बताईये कि रमेश की शर्ट में राजेश की शर्ट से कितना कपड़ा अधिक लगता है ?

उत्तर – 3

प्रश्न – 4 घन, घनाभ, बेलन व गोला को अपनी कापी पर बनाये ?

उत्तर – 4

प्रश्न – 5 एक गांव में 319 पुरूष, 298 महिलाएं और 261 बच्चे है तो उस गांव की कुल जनसंख्या ज्ञात कीजिए ?

उत्तर – 5

प्रश्न – 6 नीचे लिखी संख्याओं में से सम और विषम संख्याएं छांटकर लिखिए ।

10, 94, 63, 79, 66, 59, 48, 51, 38, 26, 19, 56, 77, 7, 3 तथा 18

उत्तर – 6

प्रश्न – 7 चार लाख बयासी हजार चार तथा

पांच लाख सात हजार तीन सौ को जोड़िए ।

उत्तर – 7

प्रश्न – 8 एक कूलर का मूल्य 3250 है । 325 कूलर का मूल्य ज्ञात कीजिए ।

उत्तर – 8

प्रश्न – 9 लीला ने एक डबल रोटी का 5/9 भाग खाया एवं उसके भाई ने रोटी का 4/9 भाग खाया बताईये दोनो ने मिलकर कुल कितनी डबल रोटी खाई ?

उत्तर – 9

प्रश्न – 10 एक छड़ की लंबाई 6.05 मीटर है इसमें से 2.78 मीटर लंबाई की छड़ काटी गयी बची हुई छड़ की लंबाई ज्ञात कीजिए ?

उत्तर – 10

प्रश्न – 11 एक किसान ने देखा कि खेत मे 20 पौधो में से 4 पौधे खराब हो गए तो बताईये कितने प्रतिशत पौधे खराब हुए ?

उत्तर – 11

प्रश्न – 12 एक खेल का मैदान 100 मी. लंबा एवं 80 मी. चौड़ा है । मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ?

उत्तर – 12

प्रश्न – 13 एक माध्यमिक विघालय में छात्रो से रू. 2304 भोजन शुल्क एकत्रित हुआ । प्रत्येक छात्र से उतने रू. लिये गए जितने की विघालय में छात्र थे । विघालय में छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए ?

उत्तर – 13

प्रश्न – 14 एक मोटर साईकल का सूची मूल्य 20000 रू. है वह 5 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध है । मोटर साईकल का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए ?

उत्तर – 14

प्रश्न – 15 सर्व समिका का प्रयोग कर गुणनफल ज्ञात कीजिए ?

$(y + 5)(y - 7)$

उत्तर – 15

प्रश्न – 16 दो संख्याओं का योग 45 तथा उनका अनुपात 7:8 है । संख्याएं ज्ञात कीजिए?

उत्तर – 16

प्रश्न – 17 एक त्रिभुज का आधार 12 से.मी. और ऊँचाई 15 से.मी. है । त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ?

उत्तर – 17

प्रश्न – 18   एक वृत्त का क्षेत्रफल 154 मी. है इसकी परिधि क्या होगी ?

उत्तर – 18

<u>विज्ञान – प्रश्न पत्र</u>

छात्र / छात्रा का नाम .... समय – 01 घण्टा

कक्षा – ....

प्रश्न – 1 निम्नलिखित में से जीवित व अजीवित छांट कर खाली स्थान में भरिये –

1. कुर्सी, 2. पेड़, 3. पेंसिल, 4. तितली, 5. साईकिल, 6. चिड़िया

उत्तर – 1 जीवित :– ....

अजीवित :– ....

प्रश्न – 2 अपने अनुभव के आधार पर वस्तु का नाम लिखिये (खाली स्थान में)

उत्तर – 2 मीठी – ...., खट्टी – ...., शोर करने वाली वस्तु ....

ठण्डी – ...., गोल – ...., गंधवाली ....

प्रश्न – 3 खाना खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोना क्यों जरूरी है ?

उत्तर – 3

प्रश्न – 4 मध्यप्रदेश में झीलों की नगरी किसे कहते है ?

उत्तर – 4

प्रश्न – 5 पानी कहां–कहां से मिलता है ?

उत्तर – 5

प्रश्न – 6 चार दोस्त थे । उन्होंने अपना जन्मदिन अलग–अलग तरह से मनाया –

1. सुरेश ने दोस्तों के साथ पटाखें फोड़े ।
2. दिनेश ने तेज संगीत पर दोस्तो के साथ नाचकर ।
3. रोहित ने दोस्तो के साथ पौधे लगाकर ।
4. मोहित ने घर का कचरा जलाकर ।

आप बताइये कि इन चारों में से किसने अपने जन्मदिन पर पर्यावरण की सुरक्षा की ?

उत्तर – 6

प्रश्न – 7 तेज एवं धीमी गति से सड़क पर चलने वाले एक–एक वाहन का नाम लिखिये।

उत्तर – 7

प्रश्न – 8 1 वर्ष में कितने दिन होते है ?

उत्तर – 8

प्रश्न – 9 मोबाइल का एक मुख्य उपयोग लिखिये ।

उत्तर – 9

प्रश्न – 10 दो अनाज व दो दालों के नाम लिखिये ।

उत्तर – 10

प्रश्न – 11 जड़ व तने का एक–एक कार्य लिखिये ।

उत्तर – 11

प्रश्न – 12 शरीर के किन्ही 4 आंतरिक अंगो के नाम लिखिये ।

उत्तर – 12

प्रश्न – 13 संतुलित भोजन के घटक लिखिये ।

उत्तर – 13

प्रश्न – 14 मध्यप्रदेश में हीरा किस जिले में पाया जाता है ?

उत्तर – 14

प्रश्न – 15 पानी को गर्म करने पर वह किस अवस्था में बदलता है ?

उत्तर – 15

प्रश्न – 16 एक बस में 50 यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते है । यदि ये 50 व्यक्ति यही यात्रा अपने–अपने स्कूटरों से करें तो किस यात्रा के द्वारा अधिक वायु प्रदूषण होगा ?

उत्तर – 16

प्रश्न – 17 पृथ्वी अपनी धुरी पर एक लट्टू की तरह चक्कर लगाती है जिसे हम पृथ्वी की घूर्णन गति कहते है । एक बार घूर्णन करने में पृथ्वी को 24 घण्टे लगते है । इस गति से ....और ....होते है ।

उत्तर – 17

प्रश्न – 18 समय का मात्रक लिखिये ।

उत्तर – 18

प्रश्न – 19 टेलीविजन पास से व अधिक देखने से क्या नुकसान होता है ?

उत्तर – 19

प्रश्न – 20 रबी व खरीफ की एक – एक फसल का नाम लिखिये ?

उत्तर – 20

प्रश्न – 21 किसी एक परजीवी पौधे का नाम लिखिये ?

उत्तर – 21

प्रश्न – 22 कोशिका का ऊर्जा गृह या पावर हाऊस किसे कहते है ?

उत्तर – 22

प्रश्न – 23 विटामिन A व विटामिन C की कमी से होने वाले रोग का नाम लिखिये ?

उत्तर – 23

प्रश्न – 24 ऊर्जा के एक नवीनकरणीय व एक अनवीनकरणीय स्त्रोत का नाम लिखिये ?

उत्तर – 24

प्रश्न – 25 एक ही प्रकार के परमाणुओं से बने पदार्थ को क्या कहते है ?

उत्तर – 25

प्रश्न – 26 भोपाल गैस काण्ड किस प्रकार के प्रदूषण के कारण हुआ था ?

उत्तर – 26

प्रश्न – 27 पानी से भरे कॉच के बर्तन में चम्मच या पेंसिल रखने पर वह मुडी हुई दिखाई देती है । यह प्रकाश की किस घटना का उदाहरण है? उसका नाम लिखियें ।

उत्तर – 27

प्रश्न – 28 सही जोडी बनाकर लिखिये –

"अ"	"ब"
1. वृत्त का क्षेत्रफल	1. 1 / 2 x आधार x ऊंचाई
2. आयत का क्षेत्रफल	2. (भुजा)^2
3. त्रिभुज का क्षेत्रफल	3. लम्बाई x चौडाई
4. वर्ग का क्षेत्रफल	4. πr^2

उत्तर – 28

"अ"	"ब"
1.	1. ....
2.	2. ....
3.	3. ....
4.	4. ....

प्रश्न – 29 वायुमंडल की विभिन्न सतहों को क्रम से रेखाचित्र द्वारा दर्शाकर बताइये कि ओजोन परत किस सतह में पाई जाती है ?

उत्तर – 29

प्रश्न – 30 किस मछली का प्रयोग मलेरिया नियत्रंण में किया जाता है ? नाम लिखिये ।

उत्तर – 30